ज्योतिकण
24 अगस्त 2011

मात्र 3 घंटे में आयी 55 शिकायतें

डीसी सरो ने अधिकारियों को शिकायतों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिये, दैनिक जनता दरबार में मौजूद रहे एसडीएम आहूजा व अन्य अधिकारी

अंबाला (पारस शर्मा)-उपायुक्त समीर पाल सरो ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यालय में लोगों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली शिकायतों की गहनता से जांच करें और लोगों को बिना वजह कार्यालय के चक्कर न कटवाएं। डीसी सरो आज अपने कार्यालय में दैनिक जनता दरबार के दौरान लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक इस दरबार में 55 से अधिक लोगों ने अपनी शिकायतें रखी और उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और अन्य अधिकारियों को दूरभाष पर शिकायतों के निपटान के निर्देश दिए।

अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त समीरपाल सरो।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की जायज शिकायत का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए और जिस कार्य के होने में तकनीकी रूप से समय की आवश्यकता है, उसके बारे में शिकायतकर्ता को पूरी तरह समझाएं ताकि वह बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान न हो। आज के इस दरबार में अलावलपुर के सतीश कुमार ने शिकायत की कि गांव के लोग जबरदस्ती उसकी आबादी की जगह से पानी निकालने की बात कर रहे हैं और जब उन्होंने बीडीपीओ साहा को इस मामले की शिकायत की, तो उन्होंने भी इसे गंभीरता से नहीं लिया। उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे पूरे मामले की जांच करवाएं और पुलिस द्वारा इस मामले में जिन लोगों के विरूद्ध पर्चा दर्ज किया गया है, उन्हें गिरफ्तार करने के लिए एसएचओ से सम्पर्क करें। इस मौके पर एसडीएम मुकेश आहूजा, सीटीएम राजेश जोगपाल, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता रामफल सिंह, रैड क्रास सोसायटी के सचिव बलवान सिंह, जिला बाल कल्याण अधिकारी मिलन पंडित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।